दैनिक भास्कर 18/08/2024

जीएमएन कॉलेज में एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में यूजीसी के निर्देशानुसार एंटी रैगिंग सेल ने अर्थशास्त्र विभाग व योग क्लब के सहयोग से एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया जा रहा है। अभियान के छठे दिन एंटी रैगिंग विषय पर जागरूक रैली निकाली गई। सेल की संयोजिका डॉ. सीमा कंसल समेत सेल के सभी सदस्य व विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डॉ. सीमा कंसल ने बताया कि रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों के साथ-साथ रैगिंग संबंधी गतिविधियों के बारे में जागरूक करना है। रैली में कॉलेज के लगभग 160 विद्यार्थियों ने भाग लिया।